Class - 2
Subject - HINDI COURSE BOOK
पाठ – 15 अनमोल जल

1. शब्दार्थ

प्राणी	–	जिनमें जीवन हो
अनंत	–	अत्यधिक
आबादी	–	जनसंख्या
नतीज़ा	–	परिणाम
अनमोल	–	जिसकी कीमत न लगाई जा सके / बहुत कीमती
जीवित	–	जिंदा
उपयोग	–	इस्तेमाल
बर्बाद	–	नष्ट
व्यर्थ	–	बेकार

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. हमारे जीवन की मूल आवश्यकता क्या है?

उत्तर हमारे जीवन की मूल आवश्यकता जल है।

ख. आप दिन में कितना पानी पीते हैं?

उत्तर मैं दिन में 7 से 8 ग्लास पानी पीता / पीती हूँ।

ग. यदि आप कहीं बहता नल देखेंगे तो क्या करेंगे?

उत्तर यदि हम कहीं बहता नल देखेंगे तो उसे बंद कर देंगे।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क. हमें पानी किन–किन स्त्रोतों से प्राप्त होते हैं?

उत्तर हमें पानी नदियों, तालाबों, झीलों, झरनों, नलों तथा कुँओं से प्राप्त होते हैं।

ख. हम पानी का प्रयोग किन–किन कार्यों में करते हैं?

उत्तर हम पानी का प्रयोग पीने, खाना बनाने, स्नान करने, कपड़े धोने, बर्तन धोने तथा घर की सफाई करने में करते हैं।

ग. कुछ लोग पानी को किस तरह बर्बाद करते हैं?

उत्तर कुछ लोग पानी को नहाते समय या दाँत साफ करते समय नल को खुला छोड़कर बर्बाद करते हैं।

घ. क्या समुद्र का पानी पीने योग्य है? यदि नहीं तो क्यों?

उत्तर नहीं, समुद्र का पानी पीने योग्य नहीं है क्योंकि समुद्र का पानी खारा (नमकीन) होता है।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न पानी की कमी क्यों होती जा रही है?

उत्तर पानी की कमी बढ़ती जनसंख्या के कारण तथा व्यर्थ में पानी को बर्बाद करने के कारण हो रही है।

5. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

व्यर्थ, उपयोगी, खारा, जीवनाधार, अनंत

क. पानी सभी प्राणियों का जीवनाधार है।

ख. हमें ईश्वर ने अनंत जल दिया है।

ग. समुद्र का पानी खारा होता है।

घ. उपयोगी पानी हमें नदियों, झीलों और कुओं से प्राप्त होता है।

ङ हमें नल का पानी व्यर्थ नहीं बहने देना चाहिए।

6. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. आप पीने का पानी कहाँ से प्राप्त करते हैं?

✓ नल से | कुएँ से | तालाब से

ख. समुद्र का पानी कैसा होता है?

मीठा | ✓ खारा | गंदा

ग. क्या जल के बिना पेड़–पौधे उग सकते हैं?

हाँ | ✓ नहीं | पता नहीं